आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 17.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के लिए जन–जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।
- अल्मोड़ा के मल्ला महल में तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव शुरू।
- खाद्य पदार्थों की स्वच्छता और गुणवत्ता को लेकर उत्तराखंड सरकार ने विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी की।
- केंद्र सरकार ने ट्रेनों में आरक्षण के लिए मौजूदा समय सीमा को 120 दिन से घटाकर 60 दिन करने का फैसला किया।

जन जागरूकता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के लिए जन–जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करना एक बड़ी चुनौती है और इसके लिए लोगों का जागरूक होना आवश्यक है। राज्यपाल, राजभवन ऑडिटोरियम में विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर एम्स ऋषिकेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।
एम्स ऋषिकेश द्वारा संचालित हेली एम्बुलेंस और टेलिमेडिसिन सुविधा की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इससे विषम भौगोलिक परिस्थितियों में स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी प्रभावशाली तकनीक के प्रयोग से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने उत्तराखण्ड के सभी स्वास्थ्य सुविधा अवयवों को मिलकर टेलिमेडिसिन और एआई युक्त सुविधाओं का एक विश्व स्तरीय मॉडल तैयार करने का सुझाव दिया।

साहित्यिक महोत्सव

अल्मोड़ा के मल्ला महल में आज से तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव शुरू हो गया है। इसमें उत्तराखंड के साथ–साथ देशभर के प्रख्यात लेखक, पर्यावरणविद, और इतिहासकार इसमें शामिल होंगे। साहित्यिक महोत्सव का शुभारंभ करते हुये केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि यह महोत्सव हमारी संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को संजोने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव में आने वाले देश–विदेश के प्रतिनिधि राज्य की संस्कृति, परम्परा, रीति रिवाज और इतिहास को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।
महोत्सव में आज नर्सरी से बाहरवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए साहित्यिक सत्र का आयोजन किया गया। साहित्य महोत्सव में 30 से अधिक सत्र आयोजित किये जायेंगे। इसमें उत्तराखंड के साथ–साथ देशभर के प्रख्यात लेखक, पर्यावरणविद, और इतिहासकार इसमें शामिल होंगे। महोत्सव में रचनात्मक लेखन, कला संरक्षण, लोक कला और फोटोग्राफी की कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

हिमालय में बागवानी

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग द्वारा हिमालय में बागवानी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि इस संगोष्ठी से युवा बागवानी की बारीकियों को सीखकर स्वयं का रोजगार शुरू कर सकते हैं।
प्रोग्रेसिव हॉर्टिकल्चर के चीफ एडिटर डॉ संजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में बेरोज़गारी और पलायन जैसी समस्याओं से मुकाबला करने में औद्यानिकी ही सक्षम है। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में औषधीय पादपों की असीम संभावनाओं सहित विभिन्न विषयों को इस संगोष्ठी में समाहित किया गया है।

## पुनर्निमाण कार्य

हरिद्वार के मनसा देवी मन्दिर और पहुंच मार्ग में पुनर्निमाण कार्य के लिए राज्य सरकार ने डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि मद के अन्तर्गत यह स्वीकृति प्राप्त हुयी है। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग के मानक अनुसार पहली किश्त में लगभग चौरानब्बे लाख रुपए की धनराशि अवमुक्त की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता के साथ सभी पुनःनिर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत धनराशि का जल्द से जल्द उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन को उपलब्ध कराने कहा।

## एसओपी जारी

उत्तराखंड में खाद्य पदार्थों में थूक व गंदगी मिलाने की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कड़ा रूख अपनाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस तरह की घटनाओं की सघन जांच करने और इसमें संलिप्त दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में राज्य के खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार की ओर से इस संबंध में विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी कर दी है। एसओपी के अनुसार खाद्य पदार्थों में थूक व गंदगी मिलाने पर दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ ही 25 हजार से लेकर 1 लाख रूपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने कहा कि खाद्य पदार्थों की सुरक्षा और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रभावी कदम उठा रही है।

## समयसीमा में कमी

केंद्र सरकार ने ट्रेनों में आरक्षण के लिए मौजूदा समय सीमा को 120 दिन से घटाकर 60 दिन करने का फैसला किया है। रेल मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा है कि नया नियम अगले महीने की पहली तारीख से लागू होगा। हालांकि, इस साल 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग यथावत रहेंगी। मंत्रालय ने कहा कि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा में कोई बदलाव नहीं होगा।

## केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव

केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए राजनैतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने अपने–अपने प्रत्याशियों पर भी मंथन शुरू कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने बताया कि उम्मीदवारों के नाम का पैनल सर्वसम्मति से केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड को भेज दिया गया है।

वहीं, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री, नवीन जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने केदारनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये पर्यवेक्षक बना दिये हैं।

केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा जबकि 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी।

## केदार गाथा संग्रहालय

केदारनाथ धाम को मास्टर प्लान के तहत सुरक्षित और सुंदर बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में केदारनाथ में सरस्वती नदी के किनारे केदार गाथा संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। संग्रहालय में केदारनाथ से जुड़ी वस्तुएं और साहित्य के साथ ही आपदा से पहले और आपदा के बाद बने केदारपुरी की झलक देखने को मिलेगी।

लड़ीधुरा महोत्सव

चम्पावत जिले के बाराकोट में आयोजित लड़ी धुरा महोत्सव आज संपन्न हो गया। महोत्सव के अध्यक्ष नागेंद्र जोशी ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य समाज मे फैली कुप्रथाओ को समाप्त कर युवाओ की ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोग करना हैं। इस महोत्सव में स्कूली बच्चों की चित्रकला, सामान्य ज्ञान, निबन्ध, वादविवाद, प्रश्नोत्तरी, कम्प्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता के साथ ही रस्सा कस्सी, बॉलीबाल, मैराथन और अन्य प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।